Him, whose remembrance even only once blots out instantly all sins and peoples' all troubles and adversities, who brings them happily to His everlasting kingdom, who is Lord crowned with the epithet of '*Patitapavana*' 'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration.

यज्जन्मकोटिसुकृतेन यदा कदापि
तिर्यङ्नृदेवदनुसन्ततिभूतयोनौ।
यत् पादसेवनमभूत् स पुमान् विमुक्तो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।१५।।

जिसके तिर्यक्, मनुष्य, देव, दनु के सन्तति रूपी शरीर में करोड़ों जन्मों के पुण्य के द्वारा कभी कभार यदि उनके चरणों की सेवा हो गई तो वह पुरुष मुक्त हो गया। उन 'पतित पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।१५।।

If there is performed a salutation of His feet by virtue of crores of good deeds, in any life- time and in any form of animate beings, wheather that of insect or of the man, or of the deity, or that of the demon, he is sure of being liberated. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

यद्वर्षमासदिनयाममुहूर्तमात्रे
यैः कैः प्रयत्नविधिभिस्तव पूजनं स्यात्।
सर्वं बभूव सुकृतं पुरुषस्य तस्य
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।१६।।

जिस पुरुष का केवल वर्ष भर, केवल महीने भर, केवल दिन भर, केवल दिनार्ध भर, अथवा केवल मुहूर्त भर किसी भी प्रयत्न व्यापार से तुम्हारा पूजन हो गया, उस पुरुष का सम्पूर्ण अच्छा कृत्य सम्पन्न हो गया। उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।१६।।

If you are worshipped only for an year, or a month or a Yama (a period of about 3 hours) or even for a Muhurta (a moment) by man's any device, he is certain of being rewarded with all good results. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

धन्यः पुमान् धरणिधर्मधरो ध्रुवोऽसौ
त्वां शर्मदन्नमति यः शिरसैकदापि।
पारं प्रयाति तमपारजगन्नदीशाद्
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।१७।।

जो शान्तिस्वरूप मोक्ष को प्रदान करने वाले तुमको एक बार भी सिर से नमस्कार करता है, वह पुरुष धन्य है। धरती में जो धर्म हैं, उनका धारण करने वाला स्थिर पुरुष है। जगदीश उस पुरुष को समुद्ररूपी अपार जगत् से पार कराते हैं। उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।१७।।

अनुशीलन- इस तथ्य के समर्थन में विवृतिकार ने यह श्लोक उद्धृत किया है-

एकोऽपि कृष्णे सुकृतः प्रणामो दशाश्वमेधावभृथेन तुल्यः।
दशाश्वमेधी पुनरेति जन्म कृष्णप्रणामी न पुनर्भवाय।।

Blessed is he who bows down his head even once in order to salute you, who are Emancipator. He is the man of religious virtues. God transports him from this enormous world- ocean to the farther shore. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

सांकेत्यहेलनविमन्युगतं च हास्य-
दुःखाद्यनन्तसमये पतिताय यस्त्वम्।
दासस्तवेति वदतेऽत्यभयं ददासि
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।१८।।

संकेत से, अनादर से या विशेष क्रोध प्राप्त होने की दशा में दुःख आदि के अनेक समयों में 'मैं आपका दास हूँ', इतना कहने वाले पतित के लिये पूर्ण अभय प्रदान करते हो। उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।१८।।

You give full protection unto him who tells the words 'I am a bondsman of you'; these words uttered even implicitly, even either with disrespect or with anger, either through the joy or through the sorrow. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

ब्रह्मेन्द्रशम्भुसनकादिसुरर्षयो यन्
न प्राप्नुवन्ति तपसा नियमादियोगैः।
सख्यं विधाय पुरुषो रमते हि तेन
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।१९।।

ब्रह्मा, इन्द्र, शम्भु, सनक इत्यादि योगी देवता ऋषि भी जिनको तपस्या तथा नियम आदि अंगों से तथा योग से प्राप्त नहीं कर पाते। उनके साथ कोई सामान्य मनुष्य भी मैत्रीभाव प्राप्त करके आनन्द प्राप्त करता है। उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।१९।।

He whom even Brahma, Indra, Shambhu along with the host of saints and sages like Sanaka etc. are incapable of approaching even by all their penance, by Niyama (second step of meditation), or by Yoga (Meditation itself) comes into ones tie of love and bonds of friendship. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

आत्मार्पणं हि कुरुते पुरुषस्तु यस्ते
स्वात्मार्पणं त्वमपि देव करोषि तस्मै।
श्रेष्ठं तु तं त्वमनुगच्छसि, अनृणोऽतो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२०।।

हे देव, जो मनुष्य तुम्हें उद्देश्य करके अपना आत्मार्पण करता है। उसके लिये तुम भी अपनी आत्मा का समर्पण करते हो। तुम उस श्रेष्ठ पुरुष के पीछे चलते हो। इस प्रकार तुम अनृण हो जाते हो। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२०।।

O God, if a man dedicates his life unto you, you also dedicate your soul unto him. You follow this noble person, making thus Yourself out of debt. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

स्त्रैणो धनान्धमदिरावशसम्प्रमत्तः।
पापी त्वजामिलशठः कथनात्तु यस्य।
नाम्नो जगाम पदवीं मुनिभिर्दुरायां
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२१।।

स्त्री के प्रति लम्पट, धन से अन्धा, मदिरा के वश से मतवाला, पापी, अजामिल नामक धूर्त जिस आपके नाम के उच्चारण से योगियों के द्वारा भी दुर्लभ पदवी अर्थात् मोक्ष को प्राप्त किया (उन) 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२१।।

अनुशीलन- कवि ने इसी भाव को स्वरचित 'जगन्नाथ-शतक' में इस प्रकार प्रकट किया है-

नारिन को प्यारो तो कुनारिन को भोगवारो। अधम अजामिल अघीश अप्रमानी को।
सुत मिसि मरत समै सो लै तिहारो नाम। छूट्यो यम पाश ते समर्थ लह्यो ज्ञानी को।

It was by dint of uttering His name, that once a man named 'Ajamila' effeminate and obstinate by spirit, boastful of his wealth, addicted to wine was raised to such high status as was not accessible even to the saints. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

Notes

According to the Bhagavata (6.1) a man named Ajamila inhabiting the city of Kanyakubja had 10 sons eldest of them having the name of Narayana. On the dying bed, he uttered the name of Narayana with pretension to send for his son. By virtue of this utterance alone, he was delivered from the world to inherit the place of Vishnu-Loka.

विप्रामिषं त्वयि समर्पितवान् परेण
प्रेम्णा पिशाचकुलजः श्रुतिबद्धघण्टः।
आलिंग्य तन्निजजनं कृतवान् स्वदोर्भ्यां
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२२।।

पिशाच के कुल में उत्पन्न, जिसने अपने कानों में घण्टे बाँध लिये हैं, ऐसे पुरुष ने अत्यन्त प्रेम से आपको ब्राह्मण का मांस समर्पित किया। आपने उसे अपनी भुजाओं से आलिंगन करके अपना जन वनाया। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२२।।

अनुशीलन- विवृतिकार के अनुसार इस व्यक्ति ने 'मेरे कान में ईश्वर का नाम पहुँचने न पावे' यह सोचकर अपने कानों में घण्टे बाँध लिये थे। अतः इसका नाम ही 'घण्टाकर्ण' पड़ गया था!!

A man descendant of Pishach family, wearing the bells in his ears served the meat unto you with all his love and affection. You embraced him stretching out your hands and made him next of kin. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'

दीनोऽतिजीर्णवसनः क्षुधया कृशोऽपि
सन्दत्ततण्डुल उदारमतिः सुदामा।
उत्थाय विस्मृतरमः परिषस्वजे यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२३।।

दरिद्र, अत्यन्त पुराने वस्त्रों वाले, भूख से दुर्बल, उदार मति वाले सुदामा ने जिन्हें चावल प्रदान किया, जिन्होंने रुक्मिणी को भुलाते हुए उठ कर आलिंगन किया। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२३।।

Once a man named Sudama, destitute of all things, putting on worn-out clothes, emaciated with hunger but liberal in spirit presented Him with a handful of rice. He then losing sight of (his wife) Rama or Rukmini rushed forth and embraced him. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

भोजेन्द्रदास्यनिरता मलिनाऽतिनीचा
कुब्जा तु या मधुपुरे पथि तां विलोक्य।
गत्वा गृहं कमलया सदृशीं व्यधाद्यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२४।।

भोजराज कंस की सेवा में लगी हुई, मलिन, अत्यन्त नीच कुब्जा थी। उसको मथुरा में रास्ते में देख कर घर जाकर जिसने लक्ष्मी के समान बनाया। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२४।।

Once there was a defiled humpbacked bondswoman of very low origin in the palace of the King of Bhoja, say, the king named Kansa. Observing her on the way to Mathura, he made her prosperous like Lakshmi! I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

जात्या तु वायकवरं हतधर्मलेशं
गत्वा तदीयभवने कृतवान् स्वकम्पः।
वस्त्राणि तद्विरचितानि दधार गेहे
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२५।।

जिसके पास धर्म का लेश भी विनष्ट हो गया है ऐसे जुलाहे की जाति वाले को (देख कर) उसके घर पर जाकर अपनी दया प्रदान की। उसके बनाए कपड़ों को अपने शरीर में पहना। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२५।।

अनुशीलन- कवि ने श्लोक २४-२५ तथा ३१-३२ की भावना को स्वरचित जगन्नाथ शतक में इस प्रकार प्रकट किया है-

काली कलेश रह्यो ब्रज को, बहु दीनन के हित दानव मारे।
कूबरी को प्रभु धाइ मिले सबै वायक माली को जाय सुधारे।
गोपन गोहन खेल्यो गोविन्द, अनेक अधीन को आप उधारे।
पै रघुराज की बार कहो करुणानिधि क्यों करुणा को बिसारे।। --कवित्त-९६

Once there was a weaver by caste, devoid of even the least of religious virtues. You have obliged with meeting him in his home and with putting on the clothes woven by him. I adore such God crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

नीचो निषादकुलजो जलजीवभोक्ता
जग्राह तत्करसमर्पितकन्दमूलम्,
कृत्वा सखायमतुलं परिषस्वजे यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२६।।

पानी में होने वाले जीव मछली आदि का खाने वाला, निषाद कुल में उत्पन्न, नीच (जो गुह) उसके हाथों से समर्पित कन्द मूल को जिन्होंने स्वीकार किया। उससे गाढ़ी मित्रता करके जिन्होंने उसका आलिंगन किया। उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२६।।

अनुशीलन- कवि की यह भावना स्वरचित जगन्नाथ शतक के इस कवित्त से तुलनीय है-

भक्षक जो जलजीवन को पुनि जाति में नीच निषाद अपावन।

ताहि भर्‌यो भुज धाई कछू पदवी दियो राज की विश्व के भावन।। -कवित्त ८३

Him, who accepted the roots and fruits of a base-born poor man in the family of Nishada, living on fish, who embraced and made him a bosom friend, who is Lord crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration.

मांसादकं वनचरं दुरितौघयुक्तं,
गृध्रं जटायुषमलं परिरभ्य दोर्भ्याम्।
तस्मै ददौ परगतिं यतिदुर्लभां यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२७।।

मांस खाने वाले, जंगल में घूमने वाले, पापों के समूह से युक्त गृध्र जटायु क हाथों से पूरी तरह आलिंगन करके उसे संन्यासियों के लिये भी दुर्लभ मोक्ष को जिन्होंने प्रदान किया। (उन) 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२७।।

अनुशीलन- यह भावना जगन्नाथ शतक के निम्न कवित्त से तुलनीय है-

जाति को पक्षी विरागविहीन सदा मल मांस अहार अहार्‌यो।
साधन योग समाधि अनेक नहीं तिनके तन नेकु निहार्‌यो।
मीचु निशाचर हाथ लह्यो प्रभु केवल दीनता तासु विचार्‌यो।
सो रघुराज की लाज करै जो जटायु की धूरि जटानि सों झार्‌यो। -कवित्त ८४

Him, who has made a close embrace with His whole hands to a flesh-eater, forest - wanderer laden with the body of sins, defiled vulture named 'Jatayu', who granted him everlasting salvation unattainable even to the hermits, who is Lord crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration.

विज्ञान - भक्तिविरतीष्टसुधर्महीनो
नीचा महावनचरी शबरी हि तस्यै।
भुक्त्वा तदर्पितफलं प्रददौ गतिं यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२८।।

शास्त्रज्ञान, भक्ति, वैराग्य योग इत्यादि जो सुधर्म उनसे हीन, महावन में विचरण करने वाली नीच शवरी को, उसके द्वारा अर्पित फल खा कर जिसने परम गति प्रदान की, उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२८।।

अनुशीलन- यह भावना स्वरचित जगन्नाथ शतक के निम्न कवित्त में प्रकट है-

कौन विराग विज्ञान कियो जप कौन सुयोग समाधि लगाई।
आपन हाथन सों फल तेरि धर्यों मुख चीखि परेखि मिठाई।
आपहि ते चलिके जगदीश दयानिधि विश्वविख्यात बनाई।
श्री रघुराज सराहि लियो शबरी फल को सब रीझिके खाई।। कवित्त ८६

Him, who ate the fruits of a female of low degree called 'Shabari' i.e. a Shabara by caste, ignorant of Shastric and ritual knowledge and devoid of qualities of piety and detachment, who further raised her to a high status, who is Lord crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration.

स्वप्नेऽपि दर्शनममंगलदं वदन्ति
येषां बुधाः स्मरणतो ह्यशुभानि लोके।
तैर्वानरैः सह चकार सुमित्रतां यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।२६।।

ज्ञानी लोग जिन (वानरों का) स्वप्न में भी दर्शन करना अमंगलप्रद मानते हैं। जिनके स्मरण से ही लोक में अशुभ होता है। जिसने उन वानरों के साथ मित्रता की। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।२६।।

अनुशीलन- यह भाव कवि द्वारा स्वरचित जगन्नाथ शतक के निम्न कवित्त में प्रकट है--

साधनहीन मलीन सबै विधि नामहुँ लेत अमंगलकारी
स्वप्न विलोकतहूँ म अभद्र अपावन अंघसी काननचारी।
ते कपि दौरि भुजानि भर्यो प्रभु दौरि के दाहिनि दीठि पसारी।
सोई भरोस भरो रघुराज गिरों शरणागत आई तिहारो।। कवित्त ८५

Him I adore who made good friendship to those monkeys whose even remembrance is inauspicious in the world, whose vision

even in a dream is regarded as vicious. I adore Such Lord that is crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded'.

दुष्टानुजं रजनिकाचरवंशजातं
पादान्तिके निपतितं भरतेन तुल्यम्,
उत्थाप्य तं स्वभुजतः परिषस्वजे यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।३०।।

रात्रि में विचरण करने वाले, राक्षसों के कुल में उत्पन्न, पैरों के समीप गिरे हुए, दुष्ट (रावण) के छोटे भाई (विभीषण) को भरत के समान उठा कर जिसने अपनी भुजाओं से आलिंगित किया। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।३०।।

Him who raising his hands aloft embraced the younger brother of the wicked Ravana, say, named Vibhishana born in the family of night- stalkers and bowed down on His feet, who is Lord crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration'.

जात्या तु गोपकुलजाः परधर्महीनाः
गोपाश्च गोपवनितास्तुलसीवने तैः।
चिक्रीड रासपरिमण्डलमण्डितो यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।३१।।

जाति से गोपकुल में उत्पन्न, उत्तम धर्मों से हीन जो गोप और गोपियाँ उनके साथ रासक्रीडा के लिये बनाए गए गोलाकार से सुशोभित होकर जिन्होंने क्रीडा की। उन 'पतित-पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।३१।।

Him, who made a sportive dance in a circular in a place named 'Tulsivana' along with the milkmen and milkmaids descendants of the family of Gopa 'cowherds', lacking in religious virtues, who is Lord crowned with the epithet of *Patitapavana*

'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration.

पापी महाविषधरः किल कालियो यः
सम्प्लुत्य भास्करसुताह्रदनीरमध्ये।
संनृत्य तत्फणगणेष्वभयं ददौ यो
वन्दे प्रभुं पतितपावननामधेयम्।।३२।।

जिसने यमुना ह्रद के जल के बीच कूद कर पापी महाविष धारण करने वाले कालिय नाग के फन समूह पर नाच कर उसे अभय प्रदान किया। उन 'पतित- पावन' नाम वाले प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।३२।।

Him, who entering in the waters of the daughter of the Bhaskara i.e. of the river 'Jamuna' made a dance on the hoods of a wicked poisonous serpent and granted it thereafter an assurance of safety, who is Lord crowned with the epithet of *Patitapavana* 'Redeemer of the degraded', Him I offer my humble adoration.

किं किं ब्रवीमि पतितोद्धरणं हि लोके
यद्यत् त्वया कृतमनन्तचतुर्युगेषु।
तस्मात् त्वदीयचरणं शरणं गतोऽहं
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३३।।

अनन्त चारों युगों के बीच आपने इस विश्व में जो पतितों का उद्धार किया, (उन्हें) मैं क्या क्या बताऊँ। इसलिये मैं आपके चरणों की शरण में गया हूँ। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३३।।

How many instances of the favours done by you through enormous time of four Yugas for the sake of deliverance of degraded persons should I enumerate. Considering all this, I hold fast your feet which waxed the rock of my refuge. O Lord of the universe, Krishna, please exalt me high.

न त्वत्समः पतितपावनकार्यकारी
नास्मादृशो जगति सम्पतितावनीशः।
दिष्ट्या कृतं विशदमित्थमवेक्ष्य योगं
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३४।।

पतितों को पवित्र कार्य करने के स्वभाव वाला आपके समान कोई नहीं है। इस विश्व में हमारे जैसा अत्यन्त पतितों में अग्रगण्य कोई नहीं है। इस प्रकार इस सम्बन्ध को भली प्रकार देखते हुए आपने सौभाग्य से इसे माना है। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३४।।

There is in the world no redeemer of the degraded like you. At the same time there is no degraded person like me. Having taken cognizance of this anti-thesis of our relation, you have fortunately recognized it. O Lord of the universe, Krishna! please exalt me high.

अन्वेषितं भुवनमेतदतीव बुद्ध्या
स्वोद्धारकारणकृते भवतो विना मे।
दृष्टो न कोऽपि पतितोद्धरणे समर्थो
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३५।।

मैंने इस विश्व में अपना उद्धार करने वाले को अपनी बुद्धि से खोजा। आपके बिना पतितों के उद्धार में समर्थ कोई भी मुझे दिखाई नहीं दिया। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३५।।

I have searched out in the world with all my conscience anyone who might come forward for my deliverance. I found none other than you capable of raising up them that fall. So O Lord of the universe, Krishna! please exalt me high.

कामस्य पाशवलितं चपलं मनो मे
सन्धावतीष्टविषयेषु वदामि सत्यम्।
प्राप्स्यामि केन विधिना गतिमुत्तमां ते
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३६।।

विषय- भोग के जञ्जाल से उलझा हुआ मेरा चञ्चल मन अच्छे लगने वाले विषयों की ओर दौड़ता रहता है, सच कहता हूँ। मैं किस प्रकार उत्तम गति को प्राप्त करूँगा। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३६।।

My unsteady mind bound with the chains of passions goes a whoring, I speak truth, after sins of the flesh. By which device shall I inherit the kingdom of heaven. O Lord of the universe, Krishna! please exalt me high.

त्वं सर्वदिव्यगुणवृन्दसमन्वितोऽसि
तैः सर्वगर्हितगुणैर्वलितस्तथाऽहम्।
लज्जाऽवनं तव करे मम सर्वथाऽस्ति
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३७।।

तुम सभी दिव्य गुणों के समूह से युक्त हो। मैं अनेक सर्वथा निन्दित गुणों से संसक्त हूँ। मेरी लज्जा की रक्षा सर्वथा तुम्हारे ही हाथों में है। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३७।।

अनुशीलन- विवृतिकार ने इसके समर्थन में उपनिषद् का यह श्लोक उद्धृत किया है-

पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च।

श्वेताश्वतर उप.६.८

You are endowed with all glorious virtues, whereas I am laden with all reproachable deceits and guiles. So my life is in your hands: O Lord of the universe, Krishna! please exalt me high.

सूर्यो यथा स्वकिरणैः स्पृशतीष्टनेष्टं
संशोषयन्न हि करोति कदापि भेदम्।
विस्मृत्य तद्वदगुणम्मम नैजरीत्या
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३८।।

जिस प्रकार सूर्य अपनी किरणों से अच्छी तथा खराब वस्तु का स्पर्श करता है। वह उन्हें सुखाते हुए कोई विभेद नहीं करता। इसी प्रकार अपनी स्वाभाविक रीति से मेरे अवगुणों को भूल कर हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३८।।

Just as the sun touches by its rays all good and bad things alike, dries them up making no difference between them, in very much the same way, O Lord of the universe, Krishna! paying no heed to my faults please exalt me high.

शोचामि तान्निजगुणानवलोक्य दुष्टान्
पापं करोमि खलु यद्वशगोऽहमद्य।
हृष्यामि ते गुणगणानवलोक्य भव्यान्
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।३६।।

मैं जिन दुष्ट गुणों के वश में होकर पाप कर्म करता हूँ, उन अपने काम, क्रोध आदि को देख कर आज शोक करता हूँ। आपके सुन्दर गुणसमूह को देख कर प्रसन्न होता हूँ। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।३६।।

I am grieved at my bad passions that lead me at present towards dreadful sins. In the meantime, I rejoice in your glorious virtues. O Lord of the universe, Krishna! please exalt me high.

ज्ञानी न योगनिरतो न हि भक्तिनिष्ठो
वैराग्यलेशसहितो न च धर्मधारी।
प्राप्स्याम्यहं कथमहो तव पादपद्मं
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।४०।।

मैं न ज्ञानी हूँ, न योग में लगा हूँ, न भक्ति में निष्ठा वाला हूँ, न वैराग्य के किसी अंश से युक्त हूँ। न ही धर्म का धारण करने वाला हूँ। ओह! मै किस प्रकार तुम्हारे चरणकमल को प्राप्त कर पाऊँगा। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।४०।।

I am neither versed in knowledge nor am I engrossed in meditation. I am neither endowed with the piety nor am I invested with the least quality of detachment and other religious virtues. How shall I meet with your foot- lotus? O Lord of the universe,

Krishna! please exalt me high.

स्वाभाविकी भवति दाहनशक्तिरग्नेश्-
चन्द्रस्य शैत्यमनिशं वहनं च वायोः।
तद्वत् तवापि पतितोद्धरणं हि नित्यं
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।४१।।

अग्नि की स्वाभाविक जलाने की शक्ति है। चन्द्र की शीतलता तथा वायु का सर्वदा वहन भी (स्वाभाविकं है)। इसी प्रकार आपका पतितों का उद्धार करना भी स्वाभाविक है। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।४१।।

अनुशीलन- इस सुन्दर भाव को कवि ने स्वरचित जगन्नाथ शतक में निम्न अतिसुन्दर शब्दों में प्रकट किया है-

सूरज न होते कहो वासर तौ कैसे होत, चंद जो न होतो कहौ शीतल को करतो।
शेष जो न होते कहो धारत धरा को कौन, पौन जो न होतो कहो जीवन को धरतो।
अवनि न होती तो निवास कहो कहाँ होत, होत नहीं अम्बर जो कहाँ को संचरतो।
जो नीलाचल में विराजते श्री जगन्नाथ, रघुराज ऐसे अधमानि को उद्धरतो।।--
कवित्त १३

Just as the fire has an innate property of burning, moon of the cooling, air of the carrying, so you have an inherent quality of redeeming the degraded. O Lord of the universe, Krishna, please exalt me high.

वेदे पुराणकथने श्रुतवानहं यन्
नित्यं तवेड्यपतितोद्धरणं हि लोके।
इच्छाम्यहं तदवलोकितुमात्मशुद्धौ
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।४२।।

हे पूज्य! वेदों तथा पुराणों के वचनों में मैंने इस विश्व में पतितों के उद्धार के तुम्हारे गुण के विषय में सुना है। इस (तथ्य) को मै अपनी आत्मशुद्धि के सन्दर्भ में देखना चाहता हूँ। हे जगदीश कृष्ण! कृपया मेरा उद्धार कीजिये।।४२।।

O adorable one, I heard evermore the Vedas, the Puranas speaking volumes of your quality of redeeming degraded persons.

I wish to see the same being applied in the case of my sanctification. O Lord of the universe, Krishna, please exalt me high.

सम्यग्बभूव यदहं पतिताग्रगण्यस्
त्वं सर्वदोद्धरसि तान् पतिताग्रगण्यान्।
संस्मृत्य रीतिमतुलान्निजचित्तजातां
मामुद्धरस्व कृपया जगदीश कृष्ण।।४३।।

मैं पतितों में अग्रगामी हूँ तथा आप सदा उन पतितों में अग्रगामियों का उद्धार करते हैं,- यह (रक्ष्य-रक्षक-सम्बन्ध) ठीक ही है। अपने चित्त में उत्पन्न इस अनुपम विधि को याद करके हे जगदीश कृष्ण! मेरा उद्धार कीजिये।।४३।।

It is but natural for you that though I stand first among degraded persons, yet you come to the fore for the cause of lifting up the persons like me. O Lord of the universe, Krishna, remembering such a unique mental disposition of yours, please exalt me high.

तव दया नहि चेदवनीतले
मम समान् जगतीतलपामरान्।
अतिपुनीत दयावशगो हि कः
पतितपावन माधव पाहि माम्।।४४।।

यदि आपकी दया न हो तो इस धरतीतल पर कौन दया के वशीभूत होकर मुझ जैसे इस विश्व में नीच व्यक्ति को पवित्र करेगा! पतितों को पवित्र करने वाले माधव! मेरी रक्षा करो।।४४।।

If there not prevails your tender mercy all over the earth who will impart sanctity to such vile persons as me. O Madhava, Redeemer of the degraded, please save me.

From this stanza onwards upto 49th, the poet makes charming spectacle by repeating letters with same diction but with different meanings. This is a popular figure of speech called "Yamaka". The

commentator of Vivriti draws many other divergent meanings by variously analyzing the compounds thereof.

सकलकारणकारणकारणः
पतिततारणतारणतारणः।
निखिलभावनभावनभावनः
पतितपावन माधव पाहि माम् ।।४५।।

सम्पूर्ण भौतिक पदार्थों का कारण महत् या बुद्धि इत्यादि, उनका भी कारण प्रकृति, उनका भी कारण ईश्वर है। अथवा- सम्पूर्ण विश्व का कारण ब्रम्हा, उसका भी कारण अनिरुद्ध उसका भी कारण ईश्वर है।

रण या संग्राम के समान (भयंकर) जो पतितता या पतन उससे तारण अर्थात् पार करने को तारण या प्राप्त कराने वाला ईश्वर है। (पतितता + रण + तारण + तारणः) अथवा-- पतितों को तारने वाले जो गंगा इत्यादि उनका जो तारणत्व धर्म उसे अरण या प्राप्त कराने वाला ईश्वर है। (पतित + तारण + तारणता + अरणः)।

सम्पूर्ण कर्म तथा ब्रह्म के विचार वाले लोग अथवा सम्पूर्ण भक्त जन, उसका जो रक्षण, उसके प्रति विचार वाला ईश्वर है। (निखिल + भावन + भावन + भावनः) अथवा- सम्पूर्ण भाव अर्थात् जगत् के जो नभ अर्थात् हिंसक लोग उनके अवन या हिंसन के प्रति भावन या विचार वाला ईश्वर है। (निखिल + भाव + नभ + अवन + भावनः)।

हे पतितों को पवित्र करने वाले माधव! मेरी रक्षा करो।

अनुशीलन- संस्कृत में अव धातु का प्रयोग वैदिक काल से ही रक्षा करने या आनन्द देने अर्थ में होता रहा है। महाकवि कालिदास द्वारा भी शाकुन्तल के प्रथम श्लोक- 'प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः, में अवतु का 'रक्षा करो' यही अर्थ है। पर धातुपाठ में १८ अर्थों में से एक अर्थ 'हिंसा' भी माना है। अतः प्रस्तुत श्लोक की विवृति टीका में उसका ही सहारा लेते हुए 'अवन' का अर्थ 'हिंसा' किया है।

Mahat is the cause of all worldly materials. Prakriti is the cause of such Mahat. God is the cause of even such Prakriti.

God imparts deliverance unto those who are degraded.

God takes into consideration the safety of all such devotees that are contemplative of His virtues.

O Redeemer of the degraded, Madhava, please protect me.

विपुलजीवनजीवनजीवनो
जनविलोपनलोपनलोपनः।
विशदकामदकामदकामदः
पतितपावन माधव पाहि माम् ।।४६।।

विपुल अर्थात् परार्ध काल तक जीवन वाले जो जीवन अर्थात् ब्रह्मा उनको भी जीवन प्रदान करने वाले जगदीश्वर।

जन अर्थात् प्राणियों के विलोपन अर्थात् संहार करने वाले जो रुद्र उनके लोपन या संहारक शक्ति के लोपन अर्थात् रोपण या स्थापित करने वाले ईश्वर।

अथवा- प्राणियों के विलोपन या हिंसा करने वाले जो दानव इत्यादि उनके लोपन या हिंसन शक्ति को लोपन या नष्ट करने वाले जगदीश्वर।

विशद या निर्दोष कामनाओं वाले तथा द अर्थात् दाता या उदार लोगों के कामद अर्थात् कामनाओं को पूरा करने वाले जो जागतिक गो आदि पदार्थ उनके भी कामद या कामनाओं को पूरा करने वाले ईश्वर।

अथवा- विशद कामनाओं वाले तथा द अर्थात् हवि प्रदान करने वाले यजमानों के कामद या कामनाओं की पूर्ति करने वाले जो इन्द्र इत्यादि उनके भी कामद या कामनाओं को पूरा करने वाले जगदीश्वर, (विशद + काम + द + कामद + कामदः) पतितों को पवित्र करने वाले माधव! मेरी रक्षा करो।

अनुशीलन- इस श्लोक के द्वितीय चरण का प्रथम अर्थ विवृतिकार के अनुसार किया गया है। उन्होंने 'रलयोरभेदः' के नियमानुसार 'लोपन' का अर्थ 'रोपण' या 'स्थापित करना' किया है। इस नियम का अर्थ यह है कि रेफ तथा लकारयुक्त शब्द अर्थ की दृष्टि से परस्पर अभिन्न होते हैं। अतः इस नियम के अनुसार नष्ट करने अर्थ में ही लोपयति के साथ-साथ रोपयति का प्रयोग भी वैदिक साहित्य में प्राप्त है- यज्ज्यायोऽवद्येद् रोपयेत् तद् यज्ञस्य (तैत्तिरीय संहिता २.६.६.४। अतः 'नष्ट करना' अर्थ वाला 'लोपयति' शब्द 'नष्ट करना' अर्थ वाले रोपयति शब्द से अभिन्न तो है। पर 'नष्ट करना' अर्थ वाला 'लोपयति' शब्द बढ़ने अर्थ वाले 'रोपयति' से अभिन्न नहीं हो सकता। संस्कृत साहित्य में भी कहीं लोपन को रोपण से अभिन्न मांनते हुए लोपन का बढ़ना अर्थ नहीं किया है। अतः यहाँ विवृतिकार द्वारा लोपन का रोपण अर्थ करना चिन्त्य है।

Very long-living is Brahma. To him also life-giver is God. Rudra is destroyer of all animate beings. Even his destroyer

is God.

Some specific cows named Kamdhenu etc. satisfy desires in abundance of the men of flawless will and donating disposition. Even their gratifier is God.

O Redeemer of the degraded, Madhava, Please protect me.

दुरितवर्तनिवर्तनवर्तनः
शुचिप्रवर्तनकर्तनकर्तनः।
जगति नर्तननर्तननर्तनः
पतितपावन माधव पाहि माम् ।।४७।।

दुरित या पापों की वर्त अर्थात् स्थिति का निवर्तन या निवारण के वर्तन या स्वभाव वाले जगदीश्वर।

शुचि या पवित्रता का प्रवर्तन करने वाले जो भगवद् भजन। अथवा-शुचि अर्थात् पवित्र भक्तों के प्रवर्तन अर्थात् भक्ति के कार्य उनके जो कर्तन अर्थात् नाश करने वाले जो विरोधी हैं, उनका कर्तन अर्थात् विनाशक ईश्वर।

इस विश्व में नर्तन अर्थात् नचाने वाले जो विषय, उनके द्वारा नर्तन अर्थात् नचाने वाला जो मायात्मक (त्रिगुण) द्रव्य उनका भी प्रेरक। अथवा- इस विश्व में नर्तन अर्थात् भ्रान्त होने वाले मनुष्य उनको नर्तन या नचाने वाली जो माया उनका भी प्रेरक ईश्वर। अथवा-- इस विश्व में नर्तन अर्थात् सूर्य आदि ग्रहों को नचाने वाला शिशुमार-चक्र उसका नर्तन या नचाने वाला ध्रुव उसका भी नर्तन या प्रेरक ईश्वर।

पतितों को पवित्र करने वाले माधव! मेरी रक्षा करो।

अनुशीलन- इस श्लोक के तृतीय चरण के तृतीय विकल्पित अर्थ को विवृतिकार ने पुराणों की मान्यता के अनुसार सम्पादित किया है। पुराणों में ६ ग्रहों के अन्तर्गत सूर्य आदि को ग्रह माना गया है। उसे नचाने वाला शिशुमार (एक जलजन्तु) की आकृति का एक तारासमूह है, जो कि वस्तुतः विष्णु का ही एक रूप है-

तारामयं भगवतः शिशुमाराकृति दिवि रूपं हरेः। विष्णु पुराण २.६.१

उस शिशुमार का प्रेरक ध्रुव या बीच का स्थान है। क्योंकि वही समूचे शिशुमार का आधार है। उसका भी प्रेरक जगदीश्वर है। श्रीमद्भागवत के ४.२३.४ में इसका वर्णन है।

God has natural character to stand against even most vicious temperament of the wicked.

God crushes even those terrible beings who subdue the devout and their sanctifying songs and prayers.

God motivates even Prakriti (material cause) consisting of three Gunas or constituents which motivates all worldly things which cause all human beings to lead them astray in the world.

O Redeemer of the degraded, Madhava, please protect me.

हृदयहर्षणहर्षणहर्षणो
मनुजकर्षणकर्षणकर्षणः।
अवनिपोषणपोषणपोषणः।
पतितपावन माधव पाहि माम् ।।४८।।

हृदय को हर्षित करने वाले जो पुत्र मित्र आदि उनका जो हर्षण या आनन्दरूप धर्म उसे भी हर्षण अर्थात् प्रेरित या प्रदान करने वाला ईश्वर।

मनुष्यों को कर्षित या वश में रखने वाले जो मृत्यु इत्यादि उनको भी कर्षण अर्थात् खींचने वाला काल उसका भी कर्षण या वश में रखने वाला ईश्वर।

अवनि या धरती को पुष्ट करने वाले जो पृथु इत्यादि, उनका जो पोषण या पोषकत्व उसका भी पोषण या प्रदान करने वाला ईश्वर। अथवा--धरती को पुष्ट करने वाले राजा इत्यादि, उनको भी पुष्ट करने वाले दिक्पाल, उन्हें भी परिपुष्ट करने वाला ईश्वर। अथवा--धरती को पुष्ट करने वाला मेघ, उनको पुष्ट करने वाला इन्द्र उसे भी परिपुष्ट करने वाला ईश्वर।

पतितों को पवित्र करने वाले माधव! मेरी रक्षा करो।

अनुशीलन- इस श्लोक के तृतीय चरण के प्रथम विकल्पित अर्थ के लिए विवृतिकार ने महाभारत आदि से प्रेरणा प्राप्त की है। महाभारत के अनुसार सर्वप्रथम वेन के पुत्र पृथु ने इस धरती को परिपुष्ट किया था। इस प्रकार उन्होंने विविध प्रकार के शस्यों का दोहन किया। ऐसा करने पर यह धरती सही अर्थों में पृथिवी बनी तथा राजा पृथु सही अर्थों में इस पृथिवी के अधिपति बने। द्रष्टव्य- *पृथुं वैन्यं नृपवरं पृथिवी यस्याभवत् सुता। प्रजापतिं सार्वभौमं कीर्तयेद् वसुधाधिपम्*- महाभारत १३.१६५.५५। प्रायः इसी प्रकार का वर्णन अथर्ववेद ८.१३. ११-१२ में भी प्राप्त है। श्रीमद्भागवत में चतुर्थ स्कन्ध के १४वें अध्याय से २४ अध्याय तक बड़े विस्तार से इसका वर्णन किया है।

God grants such wealth and beautiful progeny that delights

the heart-strings of human beings.

God governs even Kala 'a deity of time', which controls Mrityu 'a deity of death' which is liable to take away man's breath.

God protects even Indra who prospers the clouds which nourishes the whole earth by shedding rain.

O Redeemer of the degraded, Madhava, please protect me.

सकलगोकुलगोकुलगोकुलः।
सकलगोकुलगोकुलगोकुलः।
सकलगोकुलगोकुलगोकुलः
पतितपावन माधव पाहि माम् ।।४६।।

सम्पूर्ण लोगों के जो गोकुल अर्थात् इन्द्रियसमूह उनमें गमन अर्थात् प्रवेश करने वाले हृषीकेश। (सकल + गोकुल + ग) उ अर्थात् लक्ष्मी, कु अर्थात् भू देवी उनसे लग या सम्बद्ध ईश्वर। (उ + कु + लग) साथ ही किसी भी कुल या गोत्र से विहीन ईश्वर। (अ + कुलः)

सकल अर्थात् सभी कलाओं वाले चन्द्र, गौ अर्थात् सूर्य कुल वाले। (सकल + गोकुल) गो अर्थात् जल को कुल या निवास-स्थान बनाने वाले (गोकुल)। (अत एव 'नारायण' नाम धारण करने वाले- देखें श्लोक ६७) गो अर्थात् सूर्य के समान कुल या देह वाले ईश्वर (गोकुलः)।

गायों के समूह वाले, सम्पूर्ण 'गोकुल' नामक स्थानों में ग या विचरण करने वाले (सकल + गोकुल + गोकुल + ग)। जिनसे कु अर्थात् धरती में कोई ल या डर नहीं है अर्थात् धरती में भय को मिटाने वाले ईश्वर (अ + कु + लः)।

पतितों को पवित्र करने वाले माधव! मेरी रक्षा करो।

अनुशीलन- यहाँ विवृतिकार के अनुसार इस श्लोक के प्रथम तथा तृतीय चरण के अन्तिम शब्द का 'अकुल' इस प्रकार विग्रह किया गया है। परन्तु तब तो अन्तिम शब्द की 'गाकुलः' इस प्रकार सन्धि होगी। ऐसी दशा में यमक अलंकार में एक अक्षर का ह्रास होगा। इससे बचने के लिये यहाँ 'उकुलः' इस प्रकार विग्रह माना जा सकता है। वैदिक साहित्य में 'उ' भी निषेध अर्थ में प्रसिद्ध रहा है। जैसा कि अथर्ववेद में ८.६.१५ में 'उरुण्ड' शब्द में देखा गया है। यहाँ 'उ' का विहीन अर्थ मानते हुए सायणाचार्य ने 'रुण्ड-विहीन' अर्थ किया है।

God permeates into all five organs of perception named Hrishikesha (सकल + गोकुल + ग), He keeps company with Lakshmi 'the goddess of prosperity' and Bhudevi 'the goddess of earth

(उ+कु+लग). He is not related with any clan (अ + कुलः)

God is attached to lunar and solar family (सकल + गोकुल), He dwelt in the water to be termed Narayan.(गोकुल) He has illuminating gesture like sun (गो + कुल).

God treads on the places of Gokula and lives together with the host of cows (सकल + गोकुल + गोकुल + ग). He wipes away the fear out of earth (अ + कु + ल).

O Redeemer of the degraded, Madhava, please protect me.

निबिडनीरदसन्निभमद्भुतं
विपुलचारुचतुर्भुजशोभितम्।
जनदयापरिपूर्णशरीरकं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ।।५०।।

घने मेघ के सदृश, अद्भुत, विशाल सुन्दर चार भुजाओं (चार प्रकार के विषय प्रदान करने से चार भुजा जैसी लगने वाली) से सुशोभित, संसारी लोगों के प्रति जो कृपा उससे परिपूर्ण शरीर वाले जगन्नायक को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है।।५०।।

Him who is distinguished by the beautiful lenghthy unique four arms, in colour resembling thick clouds, who is filled with abundance of mercy towards people, Him my mind is eager to see.

ज्वलितरत्नविभासविभासितं
मुकुटमण्डितमस्तकमिष्टदम्।
सुभगकुण्डलमण्डलगण्डकं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ।।५१।।

प्रदीप्त रत्नों के प्रकाश से प्रकाशित, अथवा दीप्ति से प्रकाशित उज्ज्वल रत्नों वाले, मुकुट से मण्डित मस्तक वाले,.अथवा ऐसा मस्तक जिसके द्वारा मुकुट सुशोभित हुआ है, इस प्रकार के इष्ट या चारों पुरुषार्थों को प्रदान करने वाले, सुन्दर तथा मण्डल आकार वाले कुण्डल से सुशोभित कपोल वाले अथवा मण्डल आकार वाले कुण्डल जिसके द्वारा सुशोभित हैं, ऐसे कपोलों वाले जगन्नायक को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है।।५१।।

Him who is illuminated with the lustre of shining jewels, whose head is decorated with the crown, whose cheeks are adorned with beautiful circular ear- rings, Him my mind is eager to see.

स्मितमुखं सरसीरुहलोचनं
रुचिरनासिकया परिराजितम्।
अतिविशालसुभालविशोभितं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ।।५२।।

मन्द हास्य से सुशोभित मुख वाले, कमल के समान नेत्रों वाले, सुन्दर नासिका से विराजित, अतिविशाल सुन्दर ललाट से सुशोभित जगन्नायक को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है।।५२।।

Him who is gleeful with smiling face, with eye-lotus and with nice nose, who is furnished with beautiful high forehead, Him my mind is eager to see.

उरसि हारविहारमनोहरं
तुलसिकावनमालिकयान्वितम्।
कलितकौस्तुभकण्ठदरोपमं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ।।५३।।

वक्षःस्थल में हारों के प्रकम्पन से मनोहर, तुलसी, पारिजात, कमल इत्यादि की वनमाला से युक्त, शंख सदृश कण्ठ में कौस्तुभ मणि को धारण करने वाले, अथवा- कौस्तुभ मणि वाले तथा शंख तुल्य कण्ठ वाले जगन्नायक को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है।।५३।।

Him who is elegantly decorated with the garlands of the leaves of holy basil (Tulsi) the flowers of Erythrina Indica (Parijata) and lotus etc. suspended on the chest, whose shell - shaped neck is adorned with a celebrated jewel named 'Kaustubha', Him my mind is eager to see.

कनकसूत्रनिबद्धकटिस्थलं
विमलपीतपटेन विराजितम्।
विरचितं भुजबद्धशुभांगदम्
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ॥५४॥

सुवर्णमय सूत्र से बंधे हुए कटि प्रदेश वाले, पवित्र पीत पट वाले, भुजाओं में बंधे हुए शुभ कंगन वाले को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है॥५४॥

Him whose loin is girded round by the gold-threads, who is gaily attired with the pure yellow garments, wearing the fine bracelet on the upper arm, Him my mind is eager to see.

कटकशोभितपाणितटं शुभं
दरगदासिसुचक्रशरासनैः।
अतिविराजितमूर्तिमनुत्तमं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ॥५५॥

सोने के कंगन से सुशोभित कलाई वाले (विष्णु के प्रसिद्ध उपकरण- क्रमशः पाञ्चजन्य, कौमोदकी, नन्दक, सुदर्शन तथा शार्ङ्ग नामक), सुन्दर शंख, गदा, असि, सुन्दर चक्र तथा धनुष से अत्यन्त प्रकाशमान मूर्ति वाले उस जगन्नायक को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है॥५५॥

Him who is adorned with fine wristlet of gold (called Syamantaka), whose most brilliant figure is embellished with (five weapons) the conch-shell (Panchajanya), the mace (Kaumodaki) the sword (Nandaka) the fine wheel (a quoit- like weapon called 'Sudarshan') the bow (Sharnga), Him my mind is eager to see.

कुटिलकुन्तलमण्डलमञ्जुलं
भृकुटिभावितकर्णमहाशयम्।
हृदि सुपाण्डुरलक्षणलक्षितं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ॥५६॥

घुंघराले बालों के समूह से सुन्दर, कानों तक परिव्याप्त विस्तृत भृकुटि वाले महाशय, हृदय में सुन्दर श्वेत चिह्न से चिह्नित को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है।।५६।।

अनुशीलन- विवृतिकार ने विष्णु के वक्षःस्थल में सुन्दर श्रीवत्स नामक चिह्न को प्रमाणित करने के लिये निम्न श्लोक उद्धृत किया है-

प्रदक्षिणावर्तविचित्र रोम- श्रीवत्ससद्बिम्बविभूषितान्तम्।

Him who is of glorious complexion with curled and braided hairs with stretched eye-brows upto temples whose chest is marked with fine white figure called Shri Vatsa, Him my mind is eager to see.

भवविलासनिरासविधायकं
मुनिगणामलमानसमानसम्।
लसितनूपुरयुग्मपदाम्बुजं
तमवलोकितुमुत्सहते मनः ।।५७।।

संसार के भोग विलास का विनाश करने वाले, (अर्थात् संसार से मुक्ति प्रदान करने वाले), मुनियों के समूह के पवित्र अन्तःकरण के लिये मानस सरोवर के समान, प्रकाशमान नूपुर-युगलों वाले चरणकमल वाले को देखने के लिये मेरा मन उत्कण्ठित होता है।।५७।।

Him who delivers all from pomps and vanity of the wicked world, brings pleasure for pure- hearted saints as 'Manasa Saras (a sacred lake on the mountain Kailash) for the goose, who is decorated with the anklets on his foot- lotus, Him my mind is eager to see.

चन्द्रांशुगौरेण सुनीलवाससा
मदाऽऽविघूर्णारुणदिव्यचक्षुषा,
रामेण युक्तं कृतदासमुक्तं
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।५८।।

चन्द्रमा की किरणों के समान गौर, सुन्दर नील वस्त्रों वाले, मद से चञ्चल, रक्त दिव्य आँखों वाले श्री बलराम से युक्त, दासों की मुक्ति करने वाले श्रीजगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।५८।।

I pay an humble obeisance to Lord Jagannatha who granting salvation to his dependants is majestically seated accompanied by Balarama who is identified with moon- beam- like white colour of the body, black shining colour of the garments, flickering red colour of the eyes in the state of drunkenness.

जगज्जनन्या करुणाग्रगण्यया
सुभद्रया शोभितदक्षभागम्।
प्रसन्नपालं पतितार्तिहारिणं
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।५९।।

जगत् की माता, करुणा वाली लोगों में अग्रगण्य सुभद्रा से शोभित दाहिने भाग वाले, प्रसन्न या शरणागतों की रक्षा करने वाले, पतित या पापी लोगों की आर्ति या पीडा का हरण करने वाले श्रीजगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।५९।।

I pay an humble obeisance to Lord Jagannatha who brings the obedient up and mitigates the sufferings of the down-trodden, whose right side is embellished by the presence of Lakshmi in the form of Subhadra, the mother of the world and so the foremost merciful goddess.

दयाविधानेन सुदासकामदं
महाप्रसादेन भवापहारिणम्।
विमुक्तिदं नीलगिरौ निवासिनं
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।६०।।

कृपाविधान के द्वारा दासों की कामनाओं को भली प्रकार पूर्ण करने वाले, महान् प्रसाद से संसार के जंजाल से अलग करने वाले, इस प्रकार पूर्ण मुक्ति प्रदान करने वाले, नीलगिरि में निवास करने वाले श्री जगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।६०।।

I pay an humble obeisance to Lord Jagannatha who dwelling on Nilagiri 'the blue hill' gratifies the thirst of the dependants with the milk of kindness, who delivers them happily from this temporal world and grants them everlasting salvation.

पापप्रणाशाय जगज्जनानां
संराजते योऽब्धितटे दयालुः।
तमुद्धरन्तं पतितानघौघाच्
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।६१।।

जो दयालु जगत् के मनुष्यों के पापों के विनाश के लिये समुद्र के तट में निवास करते हैं। उन पतितों के पापों के समूह से उद्धार करने वाले श्रीमान् जगन्नाथ-को मैं नमस्कार करता हूँ।।६१।।

I pay an humble obeisance to merciful Lord Jagannatha who dwells on the sea- shore in order to rescue the persons from manifold sins by bringing them (sins) to naught.

रत्नासनस्थं प्रणवस्वरूपं
सतां गतिं दीनदयानिधानं।
प्रदर्शयन्तं स्ववपुर्जनेभ्यः
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।६२।।

रत्नों से जड़े हुए आसन पर विराजने वाले, जिनका 'प्रणव' शब्द बोधक है ऐसे, सत्पुरुषों के उपाय, दीनों के प्रति दया के निधि, लोगों को अपना शरीर प्रदर्शित करने वाले श्रीजगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।६२।।

I pay an humble obeisance to Lord Jagannatha indicated by most solemn word 'Pranava', who is sitting on the seat studded by the jewels, granting refuge and fortress unto the upright, having abundance of mercy for the men of low estate, demonstrating his glorious countenance to the people.

या ज्ञानयोगेन विरागभक्त्या
गतिर्भवत्यब्दशतैर्मुनीनाम्।
महाप्रसादेन तु तद्गतिप्रदं
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।६३।।

ज्ञान तथा योग के द्वारा, वैराग्यसहित भक्ति के द्वारा सैकड़ों वर्षों में मुनियों को जो गति प्राप्त होती है, परम कृपा से उस गति को प्रदान करने वाले श्री जगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।६३।।

I pay an humble obeisance to Lord Jagannatha by whose condescension one is exalted instantly to such high status as is attainable only to saints by dint of their hundreds of years' knowledge, contemplation, detachment and peity.

ये पापिनस्त्यक्तसमस्तसत्क्रिया
लोके व्यवाये विषयैर्विलिप्ताः।
महाप्रसादेन पुनाति नान्यः
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।६४।।

विश्व में (जो) पापी, सम्पूर्ण अच्छे कार्यों को छोड़ देने वाले, भोग विषयों में लगे हुए लोग हैं (उनको) परम कृपा से अन्य कोई पवित्र नहीं करता है। (उन) श्री जगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।६४।।

No other than He sanctifies blissfully those who fell into sins, discarded all pious activities and led away with divers lusts and sensual pleasures. To such Lord Jagannatha, I pay an humble obeisance.

अस्मादृशां पापविनिष्ठितानां
नान्योऽस्त्युपायस्तरणे भवाब्धेः।
महाप्रसादं ददतं तदर्थं
श्रीमज्जगन्नाथमहं नमामि ।।६५।।

पापों में ही निष्ठा रखने वाले हम लोगों के लिये समुद्र रूपी संसार से तर जाने का अन्य कोई उपाय नहीं है। इसके लिये महान् प्रसाद देने वाले श्री जगन्नाथ को मैं नमस्कार करता हूँ।।६५।।

There looks no helms' man other than He to give benedictions unto such sinful persons as us in order to bring us ashore from this world-ocean. To such Lord Jagannatha I pay an humble obeisance.

यथाम्बरं वै गतिरस्ति पक्षिणां
यथा पशूनां पृथिवी गतिश्च,
अस्मादृशां पापनिविष्टचेतसां
गतिस्त्वमेवासि. तथा न चान्यः ।।६६।।

जैसे पक्षियों का आकाश आश्रय है तथा जैसे पशुओं का पृथिवी आश्रय है। उसी प्रकार पाप में लगे हुए मन वाले हम जैसे लोगों का तुम ही गति हो, अन्य कोई नहीं।।६६।।

As is the sky for birds' flight, the earth for human habitation, so are you: one and only support, the sole abode for such sinful persons as us.

अन्यः समर्थो भुवि कोऽपि नास्ति
यदुद्धरेन्मां कृपयाऽतिपापम्।
आधारभूतं तव पादपद्मं
तस्माज्जगत्पावन! रक्ष लज्जाम् ।।६७।।

मुझ अत्यन्त पापी का जो अपनी कृपा से उद्धार करे (ऐसा) अन्य कोई भी इस धरती में समर्थ नहीं है। इसीलिये तुम्हारा चरणकमल मेरा आधारभूत है। (इसलिये) हे जगत् को पवित्र करने वाले! मेरी लज्जा की रक्षा करो।।६७।।

There is none other but you on this earth who are capable of condescending to rescue such sinful person as me. So your foot-lotus is only support for me. O Sanctifier of the world, please save my credit.

यो मां तवास्मीति जनः प्रयाचते
तस्मै ददामीत्यभयं व्रतं मे।
आधार एषोऽद्य ममापि नाथ
व्रतं स्वकीयं न विहातुमर्हसि ।।६८।।

जो मनुष्य मुझसे 'तुम्हारा हूँ' ऐसा कह कर मांगता है, उसे मैं अभय देता हूँ, यह मेरा व्रत है। नाथ! यही (व्रत) आज मेरा भी आधार है। आप अपने व्रत को नहीं छोड़

सक्ते।।६८।।

You assure safety unto him who makes humble confession to you as, 'I am yours'. O saviour! this assurance is the rock of ages for me. You cannot break down your promise.

त्यक्त्वा स्वधर्मानखिलान् जनो यदा
त्वनन्यधीर्मा शरणं समीपात्।
अहं तदाघानि विमोचयामि
व्रतं त्वदीयं शरणं ममेदम्।।६६।।

"अपने सम्पूर्ण लौकिक व्यापारों को छोड़ कर केवल मुझमें बुद्धि रखने वाला मनुष्य जब मेरी शरण को समीप से प्राप्त करता है, तब मै उसे सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर देता हूँ"-- आपका यह व्रत ही मेरी शरण है।।६६।।

"I deliver a man from all sins whose mind is absorbed on none but me, who renouncing all his temporal affairs seeks my stronghold"— this promise of yours is my support.

Notes

By this stanza the poet recalls a famous proclamation of the Gita—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ।। —Gita 18.66

"Abandoning all duties, come to me alone for shelter. Be not grieved, I shall release thee from all evils".

—Translated by Dr. S. Radhakrishnan

श्रुत्वा पुराणानि वदामि धर्मान्
करोमि किंचिन्नहि तद्विधानम्।
लज्जाविहीनेऽपि पुरःस्थिते मयि
प्रसीद नीलाचलनाथ दीने।।७०।।

हे नीलाचलनाथ! पुराणों को सुन कर धर्म का उपदेश करता हूँ। कुछ भी उस धर्म का अनुष्ठान नहीं करता हूँ। तब भी लज्जा से हीन होकर आपके आगे खड़े हुए मुझ दीन पर प्रसन्न होइये।।७०।।

अनुशीलन- कवि ने प्रस्तुत भाव को स्वरचित जगन्नाथ शतक में इस प्रकार वर्णन किया है-

पाइके पुराणन में परम प्रमाणन को, संतन बखानन को कानन में धार्‌यो ना।
जो पै कछू पायो ठहरायो ना हमेश सोऊ, पुनि पुनि सोई कर्म करत मैं हार्‌यो ना।
लागत न लाजहों मिजाज को बनाए फिरों, गाज सो प्रचण्ड यमदण्ड को निहार्‌यो ना।
रघुराज पुनि को लगैहे पार बेड़ो मोर, विरद संभारि जगदीश सो संभार्‌यो ना।
कवित्त३४

I give all my ears to the Purana. I expound their dictates all the day. None the less I do nothing in compliance with them . O Preserver of Nilachala 'the blue hill', please shed your grace and favour upon me who am standing shamelessly before you.

प्रारब्धदोषाद्यदभूदभूत्तच्
छोचामि किंचिन्न हि तस्य दुःखम्।
शोचामि यत् त्वच्छरणागतं मां
प्रबाधते पापपराभवोऽयम् ।।७१।।

प्रारब्ध दोष से (आत्मा में पड़ा हुआ अशुभ कर्म का संस्कार जो दुख रूपी फल प्रदान करने के लिए उन्मुख है) जो दुख हुआ, वह हो गया। उसके लिये मैं जरा भी शोक नहीं करता हूँ। मुझे तो दुख इस बात का है कि आपके शरण में आए रहने पर भी मुझको पाप दबा रहे हैं।

I feel no grief for what has been caused by the strength of 'Prarabdha dosha' (a technical term meaning the past bad impressions (अधर्म संस्कार) on the soul of the bad actions just yielding results). Whatever grieves me is that the sins still subjugate me even having put on the breastplate of faith and love under your refuge.

न चित्तवृत्तिस्स्थिरतां प्रयाति
न पापकर्मस्वपि मेऽस्ति तोषः।
केन प्रयत्नेन गतिं च लप्स्ये
लज्जा त्विदानीं तव पाणिपद्मे ।।७२।।

मेरे मन की वृत्ति स्थिरता को प्राप्त नहीं होती। पापकर्मों में भी मुझे सन्तोष नहीं है। मै किस उपाय से (सु) गति या मोक्ष को प्राप्त करूँगा। अब मेरी लाज तुम्हारे ही चरण- कमलों के अधीन हैं।।७२।।

I have no quiet conscience nor do I have any contntment with the transgressions. By which means shall I inherit everlasting kingdom. Now, my honour rests upon your hand-lotus.

शास्त्रेषु वेदेषु पुराणकल्पे
श्रुतो मया त्वं पतितोद्धरः सदा।
अतोऽतिपापे पतितप्रधाने
दयाविधाने त्वमसि क्षमोऽद्य ।।७३।।

धर्मशास्त्र, वेद तथा पुराण सदृश ग्रन्थों में 'तुम सदा पतितों का उद्धार करने वाले हो' ऐसा मैंने सुना है। अतः पतितों में मुख्य अत्यन्त पापी पर दया करने में तुम ही समर्थ हो।।७३।।

I heard the Shastras, the vedas and other sacred books like Puranas saying that you exalted those that were abased. So Your Majesty may receive the petition of mercy of mine who have the dreadful records of the sins.

गृध्रे गुहे वै नृगभूमिदेवे
गजे पिशाचेऽपि कृता तु या दया।
कारागृहे राजसु मागधस्य
कुरुष्व दीने मयि तां दयां प्रभो ।।७४।।

हे प्रभो! जटायु नामक गृध्र, निषाद जाति वाला गुह, नृग नामक राजा, (ग्राह से पीड़ित) हाथी, घण्टाकर्ण नामक पिशाच पर तथा मगध देश के राजा (जरासन्ध) के कारागृह या जेल

में राजाओं पर जो आपने दया की, उस दया को मुझ दीन पर भी कीजिये।।७४।।

अनुशीलन- यहाँ महाभारत, पुराण आदि में प्राप्त अनेक घटनाओं की ओर संकेत किया गया है। इस ग्रन्थ के अन्य श्लोकों में तथा स्वरचित जगन्नाथ शतक में भी इनका विवरण प्राप्त है। जैसे इस श्लोक के नृग राजा तथा जरासन्ध के जेल के राजाओं का वर्णन जगन्नाथ शतक के इस वचन से तुलनीय है-

धर्मनरेश की काट्यो विपत्ति, तुम्हीं नृगभूपति हूँ को उधारे।
मागध बन्दी निवेष नरेश, सहस्रदशै युग जाई निकारे। -जगन्नाथ शतक कवित्त ६६

ग्राह से ग्रसित गजराज की कहानी का वर्णन निम्न कवित्त में हुआ है--
ग्राहते ग्रसित गजराज गाढ़ गाढ़ी पर्‌यो, लरत लरत जोर सिगरो बढ़ाइगो।
आरत निहारैं नहीं आरत निवारै कोई, तब तो गयन्द श्री मुकुन्द समुहाइगो।।

-वही कवित्त ३६

O Lord, I beseech thee to pour down upon my timid's nerves the same gracious mercy as has been shown to a vulture named 'Jatayu', a base - born person named Guha, a king named 'Nriga', an elephant victimized by the large serpent, a descendant of the caste of Pishacha (named Ghantakarna) and to the kings who were made in the captivity of Emperor of Magadha (named Jarasandha).

यद्यप्यहं पापसमूहकारी
स्थातुं हि नार्होऽस्मि पुरस्तथापि।
त्वन्नाम संस्मृत्य निजं जगत्पते
मामुद्धर प्रेष्ठमकिंचनानाम् ।।७५।।

जगत् के पति! यद्यपि मै अनेक पापों को करने वाला हूँ। अतः तुम्हारे आगे ठहरने के योग्य नहीं हूँ। तो भी 'तुम अकिञ्चन लोगों के लिये सबसे प्रिय नाम (अशरणशरण्य = जिनके पास कोई शरण नहीं, उन्हें शरण देने वाले) रखते हो'- इसे याद करके मेरा उद्धार करो।।७५।।

O Preserver of the world, though I have committed abominable iniquities, not fit to stand before you, yet I pray you to ameliorate my lot remembering your own favourite appellation of 'Asharanasharanya', 'giver of shelter unto those who are deprived of it'.

क्व यान्यहं कंन्नितरां स्मराणि
नान्योऽस्ति लोके प्रभुदीननाथः।
अतो भवन्तं जगदेकनाथम्
उपायहीनः शरणागतोऽहम्।।७६।।

मै कहाँ जाऊँ, किसे अत्यधिक याद करूँ। इस विश्व में अन्य कोई दीनों का रक्षक प्रभु नहीं है। अतः जगत् के एक मात्र रक्षक के पास मै उपाय से हीन होकर शरण में आया हूँ।

Where do I go to, whom do I remember, there looks no preserver in the world to this poor person other than you. So having no ways and means, I take refuge in you who are sole preserver of the world.

पंचालराजस्य कुमारिका या
लज्जा त्वया संस्मरणेन रक्षिता
तथैव नीलाद्रिपतेऽनुकम्पया
लज्जां मदीयामव वासुदेव।।७७।।

हे वासुदेव! पंचाल देश के राजा (द्रुपद) की पुत्री (द्रौपदी) की लज्जा को आपने स्मरणमात्र से बचाया। इसी प्रकार हे नीलाचल के पति! दया करके मेरी भी लज्जा की रक्षा करो।।७७।।

अनुशीलन- यहाँ विवृतिकार ने पुराण के प्रमाण के अनुसार वासुदेव शब्द के दो अर्थ किये हैं-

'सर्वत्र वसत्यसौ' अर्थात् वे सर्वत्र निवास करते हैं।

'सर्वमस्मिन् वसति' अर्थात् सम्पूर्ण विश्व इनमें निवास करता है।

इस तथ्य के समर्थन में विवृतिकार ने यह श्लोक उद्धृत किया है-

सर्वत्रासौ समस्तं च वसत्यत्रेति वै यतः ।
ततः स वासुदेवेति विद्वद्भिः परिपठ्यते।। --विष्णु पुराण १,२,१२

Just as you have saved, on being remembered, the chastity of the daughter of the king of Panchala (named Draupadi), in very much the same way, O Vasudeva, King of the blue hill, save benignly my honour too.

त्वत्प्रेरितौ मत्पितरौ प्रचक्रतु-
र्मन्नाम यद् भागवतप्रसादम्।
स्वसम्प्रदाये कृतवान् यतस्त्वं
तद्धीर्जगन्नाथ भवत्करां व्रजेत् ।।७८।।

हे जगन्नाथ! तुमसे प्रेरित होकर मेरे माता पिता ने भगवान् के प्रसाद के रूप में मेरा यह नाम रखा है। क्योंकि तुमने मुझे अपने (वैष्णव) सम्प्रदाय में दीक्षित किया है। अतः मेरी लज्जा आपके हाथों में जाती है।।७८।।

अनुशीलन- श्लोक के तृतीय चरण की 'विवृति' टीकाकार ने व्याख्या की है कि 'तुमने मुझे स्वयं प्रवर्तित वैष्णव सम्प्रदाय में दीक्षित किया है, अतः मेरी रक्षा तुम्हारे अधीन है'। इससे स्पष्ट है कि कवि वैष्णव सम्प्रदाय के उपासक थे।

O Jagannatha, my parents inspired by you have named me after you to show me as the boon of God. You have, therefore, ordained me a devotee of your sect i.e. of Vaishnava school. So, now, all my credit rests upon your hands.

हास्यत्र लोके मम किंचिदस्त्यहं
हास्यास्पदं यत्स्वयमेव जातः,
किन्तु त्वदग्रे शरणागतानां
हास्यं च लोकेषु महाननर्थः ।।७६।।

मेरा कुछ भी लोक में उपहासयोग्य नहीं रहा है। क्योंकि मै स्वयं ही परिहासयोग्य हो गया हूँ। किन्तु तुम्हारी शरण में आए हुए (मेरे जैसे लोगों) का तुम्हारे सामने लोक में हास्य हो, यह महान् अनर्थ है।।७६।।

Nothing in the world is ridiculous for me for I myself have fallen into ridiculous condition. But it is quite improper that I lying on your lap be relegated into such abject humiliation.

शोचामि नाहं नरकप्रयाणं
शोचामि नाहं पतितोऽभवं यत्।
शोचाम्यहं त्वच्छरणागतस्य मे
नेयं दशा नाथ तवानुरूपा ।।८०।।

मैं नरक की ओर प्रयाण की सम्भावनाँ का शोक नहीं करता। मै पतित हो गया, इसका भी मै शोक नहीं करता पर तुम्हारी शरण में आए हुए मेरी यह दशा तुम्हारे (शरणागत- रक्षक के) अनुरूप नहीं है, यही शोक करता हूँ।।८०।।

I take no care of the danger of falling into hell, nor am I disquited with my degradation. What is really pinching to me is that my miserable condition is not consistent with your promise of preserving a man coming into your shelter.

य आद्यन्तोऽनादिः सकलगुणवृन्दैकसदनं
स्वशक्त्येदं विश्वं सृजति सुतरां पाति हरते।
जगत्क्रीडाकारी निजजनदयादाननिरतो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८१।।

जो आदि में अर्थात् सृष्टि के पूर्व भी वर्तमान रहता है। जिसमें (समस्त विश्व का) अन्त होता है। जिसका कोई प्रारम्भ नहीं है। जो सम्पूर्ण गुणों के समूह का एकमात्र निवास है। जो अपनी शक्ति से इस विश्व का सृजन करता है, भली प्रकार रक्षा करता है तथा हरण करता है। जो जगत् रचना के द्वारा क्रीडा या लीला करता है। जो निज जनों के लिये दया के दान में लगा है। अथवा- निज जनों को दयापूर्वक लेने या स्वीकार करने में लगा है। इस प्रकार के जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।

He is Jagannatha Swami who existed even prior to the world, so is beginningless, upon whom dissolutes the whole world, who is sole abode of all virtues, who creates, preserves and destroys the world by His own power, who makes just a frolic through this world, who is engrossed in granting tender mercies and lovingkindnesses unto His own persons. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

सदा वृन्दारण्ये वरमधुरवंशीध्वनिरतो
निकुञ्जे भृङ्गाढ्ये बहु सुरभिसंचारणपरः।
सुहृद्भिर्गोपालैः सुखितवदनैर्योऽतिशुशुभे
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८२।।

जो वृन्दावन में भौंरों से परिपूर्ण कुञ्ज में सदा सुन्दर तथा मधुर वंशी की आवाज में लगा है तथा वहुत सी 'सुरभि' नामक सुन्दर गायों के संचारण कराने में लगा है। जो सुखित मुख वाले मित्र ग्वालों के साथ अत्यन्त शोभित हो रहा है। इस प्रकार के जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर वनें।।८२।।

He is Jagannatha Swami who in the orchard of Brindabana full of bees is playing flute with melodious voice, who is engaged in tending and grazing the beautiful cows named 'Surabhi', who is glorified in company with the friends, cowherds of cheerful countenance. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

कदम्बच्छायायां धृतविपिनपुष्पाभरणकर
त्रिभङ्गाकारो यः कृतमधुरवंशीकलरवः।
कटाक्षाक्षेपेण व्रजपुरवधूनां हि सुखदो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८३।।

कदम्ब वृक्ष की छाया में वन के पुष्पों का आभूषण धारण करने वाले, त्रिभंग नामक चिह्न से प्रकट आकार वाले, मधुर वंशी का कलरव करने वाले, अपने कटाक्ष के आक्षेप से व्रजपुर की स्त्रियों को सुख देने वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८३।।

He is Jagannatha Swami who is decked with the garlands of the wild flowers, identified with a specific curved mark named 'Tribhanga' on his feet, hip and neck, who is playing the melodious tune on the flute in the shade of Kadamba (a tree named nauclea Cadamba), merry-making together with the milk-maids of Brijapura looking at them with his unique side-glance. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

मनोहारी हारी व्रजवनविहारी यदुपति-
र्द्विषद्धारी तारी हृदि शिवविचारी सुमनसाम्।
सदा संचारी यो दिनकरकुमारीकलंतटे
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८४।।

मन को हरने वाले, हार से युक्त, वृन्दावन में विहार करने वाले, शत्रुओं का विनाश

करने वाले, (संसार के) तारक, हृदय में अच्छा विचार करने वाले (अपने भक्तों का) कल्याण सोचने वाले, सूर्यपुत्री यमुना के कलरव से परिपूर्ण तट पर सदा विचरण करने वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८४।।

He is Jagannatha Swami and Lord of the Yadus who is profusely garlanded, so heart- captivating with his beauty, wandering far and near through Brijvana, tearing adversaries to pieces, transporting devotees to the farther shore, wishing welfare to the upright, rambling ever and again along the daughter of the sun i.e. river Jamuna. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

भवान्तर्यामी यो वरविहगगामी स्वसुखदः
सतामात्मारामी कटिकनकदामी विभुवपुः।
सुधामी शंधामी जनसुगतिकामी करुणया
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८५।।

जो विश्व के अन्दर प्रविष्ट होकर नियमन करने वाले हैं, श्रेष्ठ पक्षी जो (गरुड़) उसके द्वारा विचरण करने वाले, अपने सुख को प्रदान करने वाले, अच्छे लोगों का स्वयं ही विहरण स्थान बनने वाले, कमर में सोने की मेखला को धारण करने वाले, व्यापक स्वरूप वाले सुन्दर भोग्य स्थानों को अपने में रखने वाले, सुख धारण करने वाले अथवा शं या ब्रह्म को धारण करने वाले भक्तों को प्राप्त होने वाले, करुणा से लोगों की सुगति या मोक्ष को चाहने वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८५।।

अनुशीलन- यहाँ विवृतिकार ने कुछ शब्दों के अनेक अर्थ बताए हैं। जैसे 'सुधामी' का अर्थ सुन्दर भोग्य स्थानों वाला या स्वयं प्रकाशमान लोक वाला है। अथवा 'सु+ध+अम+इन्' इस विग्रह तथा शोभनं धर्मरतिम् अमति = गच्छति इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'सुन्दर धर्मसंस्थापन करने वाला' यह अर्थ है। इसी प्रकार शंधामी का अर्थ सुखस्वरूप अपवर्ग को धारण करने वाला अथवा 'शम्+ध+अम+इन्' इस विग्रह के अनुसार 'शम् या परम ब्रह्म को हृदय में धारण करने वाले भक्तों को प्राप्त होने वाला' यह अर्थ है।

He is Jagannatha Swami who is regulating all parts of the world by permeating into them, roaming far and near by means of his excellent bird named Garuda (alleged as the chief of the feathered race), giving pleasure, rendering himself as a strong- hold for the

righteous, having the loin girt round by the gold threads, having also his Omnipresent form, dwelling in self-shining heaven, granting benignly everlasting salvation unto His people. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

प्रवीरै राजन्त्यां मदन-बल-शैनेय-सुभगैः
सुधर्मायां सिंहासनवरगतो योऽतिशुशुभे।
चतुर्बाहुः श्यामो धनुरसिगदाद्यायुधधरो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८६।।

मदन (प्रद्युम्न), बल (बलराम), शैनेय (सात्यकि) इन सुन्दर तथा प्रकृष्ट वीरों के द्वारा शोभित होने वाली सुधर्मा नामक सभा में श्रेष्ठ सिंहासन में अधिष्ठित, चार भुजाओं वाले, श्याम वर्ण वाले, धनुष, तलवार, गदा इत्यादि आयुधों को धारण करने से सुशोभित जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८६।।

अनुशीलन- कवि ने स्वरचित सुधर्माविलास में सुधर्मा नामक सभा में कृष्ण को स्वर्ण-जटित सिंहासन में बलभद्र तथा यदुकुल के साथ विराजते हुए दिखाया है-

सुधर्मायां विराजन्तं यदुभिः परिवारितम्।
हेमसिंहासनासीनं बलभद्रसमन्वितम्।। --सुधर्मा विलास १.६७

He is Jagannatha Swami who is glorified on an excellent throne amidst a council named 'Sudharma' graced by such gallant members as Madana (Pradyumna), Bala (Balarama), Shaineya (Satyaki), who being four- armed, dark- coloured, is wielding such weapons as bow, sword and mace. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

निहन्ता कंसं च प्रबल-मुर-भौमादिविकटान्
नियन्ता विश्वस्य प्रचुरतरपाखण्डदलनः।
सुयन्ता संगोप्ताऽमरपतिसुतस्यात्मविभवो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८७।।

प्रकृष्ट वल वाले मुर, भौम असुर आदि विकट लोगों के साथ कंस का संहार करने वाले, विश्व का नियमन करने वाले, अत्यन्त प्रचुर पाखण्डों का दलन करने वाले, अमर- पति या इन्द्र के पुत्र अर्जुन के (रथ का) भली प्रकार नियमन एवं रक्षा करने वाले, अपने द्वारा ही ऐश्वर्य वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८७।।

He is Jagannatha Swami who smote off the head of Kansa, the most terrible one in company with Mura, Bhauma etc. who put down their puffed up arrogance, controlled the world and whole mankind thereof, protected the son of 'Amarapati' i.e. Arjuna who is self-prospered. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

सरय्वास्तीरे यो वरभरतशत्रुघ्नसहितः,
सुमित्रापुत्रेण प्रविलसति लीलातिललितः।
सुहृद्भिः संयुक्तो धृतसशरकोदण्डसुभुजो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।८८।।

वाण के साथ धनुष धारण करने वाली भुजाओं वाले, लीला से अत्यन्त मनोहर, जो सरयू के तीर में सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण तथा श्रेष्ठ भरत, शत्रुघ्न तथा अन्य मित्रों के साथ विराजते हैं वे जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८८।।

He is Jagannatha Swami, who bearing bow and arrows on his handsome arms is magnificently seated on the bank of river 'Saryu' in company with Sumitra's son named Lakshmana along with Bharat, Shatrughna and some other friends. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

कदाचिद्रत्नाढ्ये हिमगिरिसुशृंगोपमगृहे
सखीभिः संयुक्तो जनकतनयाभ्राजितभुजः।
सुपुष्पालंकारै रतिलसितसर्वांगसुभगो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे।।८९।।

किसी समय रत्नों से परिपूर्ण, हिमालय के सुन्दर शिखर सदृश ऊँचे विशाल भवन में विराजमान सखियों से युक्त, जनक की पुत्री सीता से अलंकृत भुजा वाले, सुन्दर पुष्पों के

अलंकार से अत्यन्त प्रदीप्त सभी अंगों वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।८६।।

He is Jagannatha Swami who was once residing in a palace resembling the peak of mountain Himalaya in height, abounding with shining jewels, whose handsome arms were embracing the daughter of Janaka i.e. Sita along with her female friends, whose each and every limb was adorned with beautiful flowers and decked with bright ornaments. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

विजेता शत्रूणां निशिचरकुलोद्भूतजनुषाम्
ऋषीणां संगोप्तोदधिविपुलसेतो रचयिता।
प्रदाता गृध्रस्याद्भुतगतिमगुर्यान् न मुनयो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।६०।।

रात्रि में विचरण करने वाले राक्षसों के कुल में जन्म लेने वाले रावण आदि शत्रुओं के विजेता, ऋषियों की रक्षा करने वाले, समुद्र में विशाल पुल का निर्माण करने वाले, जिस गति को मुनि भी नहीं प्राप्त कर सके उस अद्भुत गति अर्थात् मुक्ति को गृध्र के लिये प्रदान करने वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।६०।।

He is Jagannatha Swami who conquered the enemies such as Ravana born in the family of night- stalkers, who protected the sages, constructed the bridge on the sea, granted such a unique status to the vulture named Jatayu as was not attainable even to the saints. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

दयापारावारो वरगुणगणस्यैकनिलयो
यशोभाः संशुद्धिं यदशुचिजनोऽपि प्रलभते,
मरालो यत्पादः शिवमनसि सम्मानससरे
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।६१।।

जिनसे अपवित्र मनुष्य भी भली प्रकार शुद्धि को प्राप्त करता है, शिव के मन रूपी मानस सरोवर में जिनके चरण हंस रूप हैं, दया के समुद्र, श्रेष्ठ गुणों के समूह के एक मात्र

निवासस्थान, यश से प्रकाशित होने वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।६१।।

He is Jagannatha Swami who is ocean of mercy and compassion, sole abode of the host of good qualities, illustrated with renown and fame, cleansing even the most impure person, whose feet are so marvellous in Shiva's mind as the goose on the fine lake of 'Manasa Saras'. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

सृजा शक्त्या सृष्टिं पुनरपि च हर्त्र्यैव हरणं
सुपालिन्या पालं स्वशरणशरण्यः प्रकुरुते।
य ईदृग्गौरीशः प्रभुरपि च तस्यापि सुखदो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे।।६२।।

जो सृजन शक्ति से सृष्टि करता है। पुनः संहार शक्ति से विनाश करता है, अपने शरण में आए हुए लोगों का रक्षण करते हुए सुन्दर पालक शक्ति से पालन करता है। इस प्रकार के जो गौरीश या रुद्र उसके भी प्रभु, सुख देने वाले जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।६२।।

He is Jagannatha Swami who creates the world by his creating power, destroys by the strength of annihilating one, preserves by virtue of his fine preserving quality, who takes into His tranquil lap all those seeking refuge, who is Lord and benevolent even to Gaurish i.e. Shiva. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

सतां धर्माचार्यो मुनिजनसुविज्ञानदपरो
महान् योगाचार्यः प्रकृतिपतिरित्यद्भुतकलः।
महादेवस्तस्यामलमनसि यच्चारुचरणौ
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।६३।।

जो सत्पुरुषों को धर्म का उपदेश करने वाला है, मुनि लोगों का जो सुन्दर (भगवद्विषयक) ज्ञान है उसके दान में लगा हुआ, महान् योग का आचार्य, प्रजाओं का स्वामी, अत्यन्त अद्भुत

विद्याओं वाले महादेव या रुद्र के निर्मल मन में जिसके सुन्दर चरण विराजते हैं, ऐसे जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।६३।।

He is Jagannatha Swami who is preacher of the gospel of theosophy unto virtuous people, teacher of fine concepts of the theism unto the saints, great preceptor of philosophy of Yoga, protector of his subjects, proficient in unique art, whose fine feet are the object of Mahadeva's meditation. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

The poet has made here a charming spectacle applying repeatedly the same word- 'Hari' for denoting as many as 8 meanings.

हरेर्नाथो हारी हरिपतिपतिः संहरिमुखो
हरेर्दीप्तेर्दीप्तिर्हरिवहसुशिष्यच्छलकरः।
हरेर्मित्रं चित्रं हरिकटिरनादिर्हरिगति-
र्जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।६४।।

हरि अर्थात् इन्द्र के नाथ या स्वामी, हार वाले, हरि अर्थात् सर्प, उनके पति 'शेष' उनके भी पति या स्वामी, संहरि अर्थात् सम्पूर्ण चन्द्रमा के सदृश मुख वाले, हरि अर्थात् सूर्य की दीप्ति के भी दीप्ति या प्रकाशक, हरि अर्थात् मेढक वाहन वाले जो शुक्राचार्य उनके शोभित शिष्य बलि से छल करने वाले, हरि अर्थात् कपि सुग्रीव के अद्वितीय मित्र, हरि अर्थात् सिंह की कटि के समान मध्य भाग वाले, आदि या उत्पत्ति से रहित, वायु की गति के समान गति वाले जो जगन्नाथ स्वामी वे मेरे नयनों के गोचर बनें।

अनुशीलन- विवृतिकार ने 'विश्व' नामक कोश के निम्न श्लोक का उद्धरण देते हुए हरि के १४ अर्थ माने हैं-

हरिर्वातार्क- चन्द्रेन्द्रयमोपेन्द्रमरीचिषु।
सिंहाहिकपिभेकेषु शुकलोकान्तरेषु च।।

इनमें से ८ अर्थों का प्रयोग करते हुए इस सुन्दर अद्वितीय श्लोक की रचना की गई है।

यहाँ 'बलि के साथ छल करने वाले' इस वचन से पुराणप्रोक्त एक घटना का उल्लेख है कि एक बार विष्णु वामन रूप धारण करके दैत्य राजा बलि के पास गए तथा उनसे तीन

पग भूमि माँगी। इस दान के मिल जाने पर उन्होंने अपना विश्वरूप प्रकट किया तथा तीन पग से तीनों लोकों को नाप लिया।

प्रस्तुत कवि ने स्वरचित जगन्नाथ शतक में कहा है कि इसी कारण वे लोक में 'छलिया' के नाम से भी प्रसिद्ध हुए-

दासन हेतु भए बटु वामन दानव नाथ पै हाथ उठायो
त्रैपदव्याज त्रिलोक को नाप्यो त्रिलोक में ताते छलीहू कहायो --कवित्त ८१

He is Jagannatha Swami who is the Lord of Hari, 'Indra', being decorated with the garlands, Lord of the king of Hari, 'snakes' i.e. of Shesha, having shining countenance like Sanhari, 'full-moon', charging Hari, 'sun' with dazzling radiance, deceiving the disciple of that Shukracharya whose vehicle is the frog i.e. deceiving a demon Bali (according to a myth, Vishnu has undertaken fifth descent in a dwarf to humble the pride of Daitya Bali) extending close friendship with Hari, 'monkey' named 'Sugriva' etc., having the waist like the middle part of 'Hari, 'lion', who is beginningless and endless, having the swiftness of Hari, 'air'. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

शरन्मेघाकारो हलमुसलसन्धारणपरो
धराधारोऽभारो जनकलिविकारापहरणः।
य ईदृक्छ्रीरामः, शुभगतिकरस्तेन सहितो
जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।।६५।।

शरद् ऋतुकालीन मेघ के समान आकार वाले, हल और मुसल को धारण करने में तत्पर, विना किसी क्लेश के पृथिवी को धारण करने वाले, मनुष्यों के कलिजनित विकार या पाप का अपहरण करने वाले, शुभगति मोक्ष प्रदान करने वाले- इस प्रकार की श्री या शोभा से युक्त जो बलराम उनके सहित (विराजमान) जगन्नाथ स्वामी मेरे नयनों के गोचर बनें।।६५।।

He is Jagannatha Swami who is majestically seated along with glorious Balrama appearing as autumnal clouds, holding plough and clubs as weapon, supporting the earth without any pain and affliction (Shesha is alleged to be incarnated in Balrama), extirpating evils of the people caused by Kali, granting them everlasting

salvation. Please reveal His beautiful sight for my eyes.

अहं पापासक्तः प्रभुरपि महापापदहनो-

ऽस्त्यहं हीनाचारः प्रभुरपि समुद्धारणकरः।

विचिन्त्येमं योगं निजचरणपाल्यस्य कृपया

जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे।।६६।।

मैं पापों में आसक्त हूँ, प्रभु भी बड़े बड़े पापों के विनाशक हैं। मै हीन आचार वाला हूँ, प्रभु भी भली प्रकार उद्धार करने वाले हैं।.इस (मेरे तथा आपके) सम्बन्ध को विचार करके मुझ (शरणागत) को अपने चरणों के द्वारा रक्षणीय बनाते हुए जगन्नाथ स्वामी कृपया मेरे नयनों के गोचर बनें।।६६।।

I am steeped in the vice, while you exterminate the dreadful sins. I am devoid of all virtues, while you rescue us. Taking into account such an anti- thesis of our relation, O Jagannatha Swami, benignly place me on your feet for my protection and please reveal your beautiful sight for my eyes.

ओऽसौ यः के सदा शेते केशेशः शंकरः सताम्।

नादिवेदार्णनामा मां कुमेशो विखगोऽवतु।।६७।।

जो जल में सदा निवास करते हैं, अ अर्थात् सृष्टिकर्ता जो क अर्थात् ब्रह्मा, ईश अर्थात् रुद्र के भी ईश हैं, अच्छे लोगों का कल्याण करने वाले हैं, जिनके नाम के आदि में 'ना' है, तथा जिनके नाम में वेदों के विभाजन की संख्या वाले चार स्वर हैं। कु अर्थात् पृथिवी, मा अर्थात् श्री देवी के जो पति हैं। वि अर्थात् पक्षी गरुड़ उसके द्वारा आकाश में विचरण करने वाले जगन्नाथ मेरी रक्षा करें।

अनुशीलन- 'नारायण' नाम के आदि में 'ना' अक्षर है तथा वेदों के ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद ये चार विभाजन माने गए हैं। 'नारायण' नाम में भी इतनी ही संख्या वाले चार स्वर अक्षर हैं। अत एव इस नाम को उक्त विशेषणों से संकेतित किया गया है।

प्रस्तुत विवरण विष्णुसहस्रनाम में शंकराचार्य के भाष्य् से तुलनीय है। वहाँ उन्होंने केशव का विग्रह करते हुए क = ब्रह्मा + अ = विष्णु + ईश = शिव जिसके वश में है, उसे केशव कहा है।

प्रस्तुत श्लोक में केशेश शब्द से भी यही भावना प्रकट की गई है। यद्यपि यहाँ 'विष्णु'

का संग्रह नहीं हो पाया है। यदि उसका भी संग्रह करना चाहें तो 'अ' का अर्थ विष्णु करना होगा तथा इसके षष्ठी विभक्ति- विपरिणाम द्वारा ईश के साथ सम्बन्ध मानना होगा।

He is Jagannatha Swami who dwells on the waters, who is Lord of 'A Ka' = creater Brahma as well as 'Isha' = Rudra, who grants peace and prosperity to the upright, in whose name there are the same number of vowels as are divisions of the Vedas, who is Lord of Ku = earth and 'Ma' = goddess Lakshmi, who moves in the air by means of a chief bird, named 'Garuda'. Please protect me.

Notes

The first line of the stanza refers to an old concept of creation of the world. The Brahmana Granthas annunciate that Brahma dwelt on the waters of the sea in the form of enormous golden egg for an year. Manusmriti vindicates this concept by etymologizing the word 'Narayana'. According to it, Brahma is designated Narayana due to his having abode (अयन) into the waters of the sea (नार) —

आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः।
ता तदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः।। — Manusmriti 1.10

तव चरणसरोजं सिद्धदेवेन्द्रवन्द्यं
निखिलपतिततारं ज्ञानविज्ञानकारम्।
निजजनपरिपालं कल्मषाणां हि कालं
मुनिमनसि मरालं विश्वपालन्नमामि ।।६८।।

हे विश्व का पालन करने वाले! सिद्ध तथा देवताओं में भी श्रेष्ठ ब्रह्मा, शिव आदि के द्वारा वन्दनीय, सभी पतितों को तारने वाले, उन्हें (भगवद्विषयक) ज्ञान तथा विज्ञान में लगाने वाले, अपने भक्तजनों का पूरी तरह पालन करने वाले, कल्मष या पाप के लिये काल या मृत्युस्वरूप, मुनियों के मन में हंसस्वरूप तुम्हारे चरणकमल को मैं अत्यधिक नमस्कार करता हूँ।।६८।।

O Protector of the world, I salute your foot lotus i.e. to

Brahma, Shiva etc. which is adorable even to lord of the deities, delivers all degraded persons from world-ocean, infuses the feeling of the glory of God into the masses, fosters his own people to the full, stands as Kala, 'God of death' for extirpation of all sorts of evils, enjoys Himself in the saint's mind as the goose in the lake of Manasa Saras.

जयतु जलधिवासी नीलशैलेन्द्रभासी
निजजनरिपुनाशी सत्यविश्वप्रकाशी।
व्रजविपिनविलासी सर्वदा मन्दहासी
नरनरकनिरासी दिव्यसौन्दर्यराशी ॥९९॥

समुद्र में निवास करने वाले, अपने भक्तजनों के शत्रुओं का विनाश करने वाले, सत्य या मिथ्यारहित विश्व का प्रकाश करने वाले, वृन्दावन में विलास करने वाले, सर्वदा मन्द हास्य रखने वाले, (अपने आश्रित) लोगों के नरक का निवारण करने वाले, दिव्य सौन्दर्य के समूह वाले, श्रेष्ठ नीलाचल में प्रकाशित होने वाले (जगन्नाथ) की जय हो॥९९॥

Be victory unto him who dwells on the sea, cuts off the enemies of his devotees, sheds lustre on this real world, resides on the forests of Brij, keeps always smiling countenance, rescues the masses from falling into hell, shining with resplendant glory.

मयि विरतिविहीने सर्वथाऽनाथदीने
मदमदनविलीने त्वं दयां संविधत्स्व।
खलसमलकुलीने सर्वदा पापपीने
निजपदजलमीने पामरेऽस्मिन्नवीने ॥१००॥

विरति या वैराग्य से विहीन, सर्वथा अनाथ तथा दीन, अभिमान तथा काम में घुसे रहने वाले, दुष्ट तथा मलिन कुल में उत्पन्न होने वाले, सर्वदा पाप से परिपुष्ट रहने वाले, आपके चरणरूपी जल में मछली के समान रहने वाले, इस अपूर्व नीच पर तुम अपनी भली प्रकार दया करो॥१००॥

Please have mercy upon me who am desperately wicked, devoid of the quality of detachment, a destitute of low estate, steeped

in arrogance and fleshly lusts, descended from wretched and impure family, replete with the sins, living under your feet in the same manner as a fish under water.

नीलाचलनिवासाय दिव्यैश्वर्यविभासिने।

बलभद्रसुभद्राभ्यां जगन्नाथाय ते नमः ।।१०१।।

नीलाचल में निवास करने वाले, दिव्य ऐश्वर्य से प्रकाशित होने वाले, बलभद्र तथा सुभद्रा के सहित जगन्नाथ को मेरा नमस्कार हो।।१०१।।

I perform salutation unto jagannatha accompanied by Balbhadra and Subhadra, dwelling on the blue hill and shining with glorious halo.

हे नाथ हे रमानाथ प्रणतार्तिविनाशन

जगन्नाथ दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु ।।१०२।।

हे स्वामिन्! हे लक्ष्मीपति! भक्तों के कष्टों का विनाश करने वाले, दया के समुद्र! जगन्नाथ! तुम रघुराज पर दया करो।।१०२।।

O Lord, O husband of Lakshmi, O mitigator of the sufferings of devotees, O ocean of mercy, O Jagannatha, please be merciful unto Raghuraj.

नारायण सुरश्रेष्ठ दीनोद्धार- परायण,

जगन्नाथ दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु ।।१०३।।

हे नारायण, देवताओं में श्रेष्ठ, दीनों का उद्धार करने वाले, सदा प्रापणीय! दया के समुद्र! जगन्नाथ! तुम रघुराज पर दया करो।।१०३।।

O Narayan, most excellent among the deities, having innate quality of mercy, rescuer of the destitutes. O ocean of mercy, O Jagannatha, please be merciful unto Raghuraj .

जगद्धातर्जगत्त्रातर्जगन्मातर्जगत्पितः।

जगदीश दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु ।।१०४।।

जगत् को धारण करने वाले, जगत् की रक्षा करने वाले, जगत् की माता, जगत् के

पिता, दया के समुद्र! जगदीश! तुम रघुराज पर दया करो।।१०४।।

O supporter of the world, protector of the world, mother of the world, father of the world, ocean of mercy, O Jagannatha, please be merciful unto Raghuraj.

जगदाधार धीरेन्द्र धराधर्मधुरन्धर!

जगन्नाथ दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु।।१०५।।

जगत् के आधार! धीर या ज्ञानी लोगों के अधिपति! पृथिवी में जो भी धर्म हैं उनके (स्थापन का) भार उठाने वाले, दया के समुद्र! जगन्नाथ! तुम रघुराज पर दया करो।।१०५।।

O supporter of the world, Lord of the learned persons providing Himself as a bedrock for whatever virtues on the earth, O ocean of mercy, O Jagannatha, please be merciful unto Raghuraj.

जनार्दन जगद्वास जगद्वन्द्य जगद्भर

जगन्नाथ दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु ।।१०६।।

मनुष्यों के द्वारा याचित! जगत् में सर्वत्र निवास करने वाले! जगत् के पूजनीय! जगत् का भरण पोषण करने वाले! दया के समुद्र! जगन्नाथ! तुम रघुराज पर दया करो।।१०६।।

O Jagannatha, Omnipresent, Adorable by the world performing sustenance for the whole world, Ocean of mercy, please be merciful unto Raghuraj.

त्वदन्यो न गतिर्मेऽद्य त्वामहं शरणं गतः।

जगन्नाथ दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु ।।१०७।।

दया के समुद्र! जगन्नाथ! मेरी आज तुम्हारे विना कोई गति नहीं है। मै तुम्हारी शरण में आया हूँ। इसलिये तुम रघुराज पर दया करो।।१०७।।

I have no protector other than You. So I have come to take refuge in you. O ocean of mercy, please be merciful unto Raghuraj.

त्वदाधारस्त्वद्बलोऽहं त्वमेव शरणं मम।

जगन्नाथ दयासिन्धो रघुराजे दयां कुरु ।।१०८।।

दया के समुद्र! जगन्नाथ! मैं तुम्हारे ही आधार वाला हूँ, तुम्हारे द्वारा ही बल वाला हूँ,

तुम ही मेरी शरण हो। अतः तुम रघुराज पर दया करो।।१०८।।

You are my sole support, my sole power. Only you are my refuge and my fortress, so please be merciful unto Raghuraj.

जगदीशस्य शतकं रघुराजकृतं शुभम्।
पठतां शृण्वतां शश्वज्जगदीशः प्रसीदतु ।।१०६।।

रघुराज के द्वारा निर्मित शुभ जगदीश के शतक को पढ़ने वाले तथा सुनने वालों से जगदीश सदा प्रसन्न होवें।।१०६।।

May Lord of the world be ever pleased with the readers and reciters of this excellent lyrical composition of hundred stanzas named 'Jagadish Shataka' composed by Raghuraj.

रामेन्दुखण्डविधुभिर्मितेऽब्दे तैष उत्तमे।
शनावमायां शतकं जगदीशस्य निर्मितम् ।।११०।।

राम (रामचन्द्र, बलराम, परशुराम)-३, इन्दु (चन्द्र)-१, खण्ड (इकाई के धनात्मक अंक)-६, विधु (चन्द्र)-१ से परिमित (विक्रम) वर्ष में उत्तम तैष मास में शनिवार, अमावस्या में इस जगदीश-शतक का निर्माण हुआ।

अनुशीलन- प्राचीन परम्परा के अनुसार अंकों को निश्चित संख्या प्रकट करने वाले शब्दों से संसूचित किया जाता था। पुनः 'अंकानां वामतो गतिः' इस नियम के अनुसार इन अंकों को विपरीत क्रम में पढ़ा जाता था। इस प्रकार यहाँ राम इत्यादि से प्रकट होने वाली क्रमशः ३, १, ६, १, संख्या को उलट कर पढ़ने से १६१३ विक्रम संवत् में तथा इसमें से ५७ घटाने पर १८५६ ई० में ग्रन्थ निर्माण सिद्ध होता है।

This composition of hundred stanzas of Jagadisha has been completed on Saturday, Amavasya, 'last day of the dark-half' of the month of Taisha in the (Vikrama) year which consisted of four digits indicated by Rama (Ramchandra, Balrama, Parashurama i.e. 3), moon (i.e. 1) number of positive digits (i.e. 9), moon (i.e. 1). (By a rule अकानां वामतो गतिः, it should be reversely read i.e. in the year 1913 of the Vikram era, correspondingly in 1856 A.D.)

*

***